अनुसंधान प्रतिवेदन क्र.

शासकीय उपयोग हेतु

अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक

(छत्तीसगढ़ राज्य के संदर्भ में)

मार्गदर्शन : जी.एस. धनंजय
भा.प्र.से.

निर्देशन एवं सम्पादन : डॉ. टी. के. वैष्णव

प्रतिवेदन : एस.एन. श्रीवास्तव

सहयोग : डॉ. अनिल विरूलकर
कु. सरिता खलखो

छत्तीसगढ़ शासन

आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर (छ.ग.)

2010

अनुसंधान प्रतिवेदन क्र. .....

शासकीय उपयोग हेतु

अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक
(छत्तीसगढ़ राज्य के सन्दर्भ में)

मार्गदर्शन – जी. एस. धनंजय
भा.प्र.से.

निर्देशन एवं सम्पादन – डॉ. टी. के. वैष्णव

प्रतिवेदन – एस. एन. श्रीवास्तव

सहयोग – डॉ. अनिल कुमार विरूलकर
कु. सरिता खलखो

छत्तीसगढ़ शासन
आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

2010

अनुक्रमणिका

पृष्ट

अध्याय – एक — पृष्ठभूमि — 1–6
भूमिका, अध्ययन का उद्देश्य, अध्ययन का महत्व अध्ययन क्षेत्र, अध्ययन प्रविधि।

अध्याय – दो — जनजातीय परिचय — 7–16
छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जन जातिः– जनसंख्या जिलावार जनजातिवार जनसंख्या, लिंग अनुपात, जनसंख्या वृद्धि दर

अध्याय – तीन — सामाजिक आर्थिक स्थिति — 17–28
सर्वेक्षित अनुसूचित जनजाति परिवारों की सामाजिक– आर्थिक स्थिति, जनजाति परिवारों की संख्या, जनजातिवार परिवारों की संख्या, जनसंख्या, आयु वर्ग अनुसार जनसंख्या, परिवार का औसत आकार, वैवाहिक स्थिति, कार्यशील एवं अकार्यशील जनसंख्या, कार्यशील जनसंख्या का व्यवसायिक वर्गीकरण।

अध्याय – चार — शिक्षा — 29–37
अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता, जिलावार शिक्षा, आदिम जनजाति समूह में साक्षरता, जनजातिवार साक्षरता, सर्वेक्षित परिवार में साक्षरता, सर्वेक्षित परिवार में जिलावार साक्षरता, उम्र समूह अनुसार साक्षरता दर, सर्वेक्षित परिवार में शिक्षा का स्तर, जिलावार शिक्षा का स्तर, जिलावार तुलनात्मक जनजाति साक्षरता ।

अध्याय – पाँच — स्वास्थ्य — 38–39
प्रसव तथा प्रसव सुविधाएँ, जन्म के समय शिशु का वजन, रोगोपचार

अध्याय – छः — आवास, भूमि, पशुधन एवं आय — 40–46
सर्वेक्षित परिवारों की आवासीय स्थिति, भूमि धारिता, सिंचित एवं असिंचित कृषि भूमि, पशुधन, पक्षीधन, आय एवं व्यय

अध्याय – सात — आधुनिक सुविधाएँ तथा विकास संबंधी विचार — 47–48
आधुनिक सुविधाओं का उपयोग, शिक्षा, सामाजिक आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सुविधाएं।

अध्याय – आठ — निष्कर्ष एवं सुझाव — 49–50

अध्याय – 1
अनुसूचित जनजातियों के लिए मानव विकास संकेत

1.1 पृष्ठभूमि

विश्व की लगभग 6 अरब जनसंख्या 250 से अधिक देशों में विभिन्न सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक परिवेश में निवासरत है। मानव की विकास यात्रा में मानव ही मुख्य केन्द्र बिन्दु है। संसार के अनेक देशों में मानव मूल निवासी तथा सामान्य निवासी के रूप में विभाजित है, मूल निवासियों का संसार 'आदिवासी संसार' कहलाता है। प्रायः प्रत्येक देश का आदिवासी समुदाय अन्य समुदायों से विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है।

भारत के अधिकांश जनजाति क्षेत्र पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं जहां भूमि को उर्वरता शक्ति कम है। आवागमन के साधनों का अभाव है तथा इन क्षेत्रों में विकास के संसाधनों की पर्याप्त पहुंच नहीं हो पायी है। जनजातियां भौगोलिक अलगाव की स्थिति में निवासरत है इनकी पृथक सांस्कृतिक पहचान है। आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से जनजातियाँ अन्य समुदायों की तुलना में पिछड़े हुये है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा घोषित अनुसूचित जनजातियों की संख्या 697 है। इसमें से 75 अनुसूचित जनजातियों को भारत सरकार द्वारा विशेष पिछड़ेपन के आधार पर विशेष पिछड़ी जनजाति या आदिम जनजाति समूह के रूप में चिन्हित किया गया है।

भारत की कुल जनसंख्या का 8.14 प्रतिशत भाग अनुसूचित जनजातियों का है वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार इनकी जनसंख्या 8.45 करोड़ है।

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार छत्तीसगढ़ राज्य की कुल जनसंख्या 2.08 करोड़ है उसमें से 66.16 लाख अनुसूचित जनजाति जनसंख्या है जो राज्य को कुल जनसंख्या का 31.76 प्रतिशत है।

राज्य में मुख्यतः 31 अनुसूचित जनजातियाँ निवासरत है, इनमें से गोंड़ 56.30 प्रतिशत, कंवर 11.49 प्रतिशत, उरांव 9.76 प्रतिशत, हल्बा 4.44 प्रतिशत, भतरा 2.80 प्रतिशत है तथा शेष जनजातियों की जनसंख्या 4.71 प्रतिशत है विशेष पिछड़ी जनजातियाँ या आदिमजनजातियों की जनसंख्या कुल जनजाति जनसंख्या का 1.6 प्रतिशत है।

भारत की आजादी के उपरान्त देश का सर्वांगीण विकास करने योजना आयोग का गठन कर पंचवर्षीय योजनाओं का क्रियान्वयन किय गया। पंचवर्षीय योजनाओं में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिये पृथक से राशि बजट आबंटिन की जाती रही है।

पंचवर्षीय योजनओं की उपलब्धियों की समीक्षा करने के उपरान्त पहली बार पांचवीं पंचवर्षीय योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिये आदिवासी उपयोजना की अवधारणा का क्रियान्वयन किया गया तथा राज्य शासन तथा केन्द्र शासन के विभागों द्वारा आदिवासी विकास के लिये पृथक से बजट आबंटन करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई तथा आदिवासी विकास को नई गतिशील दिशा मिली।

आदिवासी उपयोजना का निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किया गया :–

(1) आदिवासियों तथा आदिवासी क्षेत्रों को सामान्य जन तथा सामान्य क्षेत्र के समकक्ष लाना।

(2) आदिवासियों के जीवन में गुणात्मक सुधार।

पांचवीं पंचवर्षीय योजना काल से दसवीं पंचवर्षीय अवधि के अन्त तक हम उक्त लक्ष्यों के अनुसार प्रगति करते रहें है किन्तु अब तक हम वह लक्ष्य पूर्ण नहीं कर सके है, इसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि इस अवधि में अन्य क्षेत्र तथा अन्य समुदायों में विकास की रफ्तार जनजाति विकास की तुलना में अधिक रही है उदाहरण के लिये वर्ष 1971 की जनगणना अनुसार मध्यप्रदेश में कुल साक्षरता दर 9.63 प्रतिशत थी वह 1981 में बढ़कर 27.83 प्रतिशत हो गई। वर्ष 2001 की जनगणनानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में कुल साक्षरता दर 64.47 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति साक्षरता दर 52.06 प्रतिशत है जो पूर्व की सामान्य साक्षरता दर से बहुत अधिक होते हुये भी सामान्य साक्षरता दर से 12.41 प्रतिशत कम है। इससे यह तथ्य भी उभर कर सामने आता है कि मानव विकास संकेतक एक गतिशील धारणा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) अंतर्गत 1990 से मानव विकास प्रतिवेदन प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें आर्थिक विकास की अवधारणा विस्तारित हुई है। प्रति व्यक्ति आय के अतिरिक्त मानव विकास के अन्य मानको यथा शिक्षा और स्वास्थ्य का भी इसमें समावेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा मानव विकास के अनेक संकेतक प्रस्तुत किये गये है। विकास के परिदृश्य का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सके, जो एक समय पर सभी राष्ट्रों पर लागू हो इस विषय पर एक महत्वपूर्ण बात यह हुई है कि सत्ता या अधिकारों का निम्न शासकीय इकाईयों को हस्तांतरण है जो विशेष रूप से भारत के लिये बहुत महत्वपूर्ण है।

यू. एन. डी. पी. के प्रयासों के तहत भारत सहित अनेक देशों ने प्रतिवर्ष देश अथवा राज्यों के लिये मानव विकास संकेतक तैयार करना शुरू कर दिया है। भारत के अनेक राज्यों में आय, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास संकेतकों के आधार पर मानव विकास प्रतिवेदन तैयार किये जा रहे है। मानव विकास संकेतकों के आधार पर राज्य अथवा जिला स्तर की जानकारियों में 'कुल' का बहुधा चित्रण होता है। अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से उल्लेख बहुत कम मिलता है क्योंकि जनजातियों तथा जनजाति क्षेत्रों के विषय में विभिन्न विभाग अलग आंकड़े नहीं रखते है अतएव इस तरह के आंकडे एकत्र किये जाने के लिये बेहतर प्रशासनिक सहयोग तथा प्रयासों की आवश्यकता होगी।

मानव विकास के संदर्भ में डॉ. अर्मत्य सेन ने लिखा है "मानव विकास को में मूलभूत विकास के विचार से संबंधित समझता हूँ, जो मानव जीवन में समृद्धता को बढ़ाये, इसके केवल आर्थिक सम्पन्नता जिसमें वह रहता है, जो कि केवल एक भाग है"।

वर्तमान के वर्षों में विकास की अवधारणा में परिवर्तन हुआ है। पहले केवल आर्थिक विकास पर बल दिया जाता था अब यह मानव विकास पर है। संयुक्त राष्ट्र सेवा के 1990 के प्रतिवेदन में यह कहा गया है कि लोग/व्यक्ति सभी विकासों का केन्द्र होना चाहिये। लोगो को सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्वतंत्रता का उपभोग करना चाहिये यही मानव विकास का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक निर्धारित करते समय उपर्युक्त लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है।

भारत सरकार जनजाति कार्य मंत्रालय (आर.एवं एम. डिवीजन) नई दिल्ली का सचिव आदिमजाति कल्याण विभाग म. प्र. शासन को सम्बोधित पत्र क्रमांक एफ No. 15012/1/2005 R 8.M (TRI) दिनांक 04 सितम्बर 2006 के द्वारा यह सूचित किया गया है। मंत्रालय द्वारा राष्ट्र स्तरीय अध्ययन अर्न्तगत चयनित विषयों में से एक विषय "अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक" है। छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजातियों पर इस अध्ययन का दायित्व केन्द्र शासन द्वारा आदिमजाति अनुसंधान संस्थान, रायपुर छत्तीसगढ़ को सौंपा गया है।

1.2 अध्ययन का उद्देश्य :–

प्रस्तुत अध्ययन "अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक" के प्रमुख उद्देश्य संक्षिप्त में निम्नानुसार है :

1. अनुसूचित जनजातियों की जनांकिकी जानकारी प्राप्त करना।
2. अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति ज्ञात करना।
3. अनुसूचित जनजातियों की आर्थिक स्थिति ज्ञात करना।
4. अनुसूचित जनजातियों की स्वास्थ्य स्थिति ज्ञात करना।
5. अनुसूचित जनजातियों को उपलब्ध जन सुविधाओं का आंकलन करना।

1.3 अध्ययन क्षेत्र :–

अध्ययन हेतु राज्य में तीन जनजाति बाहुल्य जिला जशपुर, सरगुजा, कांकेर तथा जनजातीय विकास की त्वरीत प्रभाव युक्त रायपुर जिले के आदिवासी विकास खण्डों का चयन किया गया। इनमें से प्रत्येक जिले से दो जनजाति बाहूल्य विकासखण्ड तथा प्रत्येक विकासखण्ड से दो ग्रामों के शत्–प्रतिशत जनजाति परिवारों का अध्ययन किया गया है। ग्रामों के चयन में इस बात का ध्यान रखा गया है कि विकासखण्ड के चयनित दो ग्रामों में से एक ग्राम वन के समीप हो। विकासखंड मुख्यालय से 10 किमी. की दूरी तक का एक ग्राम तथा विकासखण्ड मुख्यालय से 15–20 किमी. की दूरी पर स्थित दूसरे ग्राम का अध्ययन हेतु चयन किया गया है।

अध्ययन हेतु चयनित ग्रामों का विवरण निम्नानुसार है :

क्रं.	जिला	आदिवासी विकासखण्ड	ग्राम	सर्वेक्षित जनजातीय परिवारों की संख्या
1.	2	3	4	5
1.	सरगुजा	1 अम्बिकापुर	1. बकालो	32
			2. मानिक प्रकाशपुर	57
		2. बतौली	1. देवरी	38
			2. नयाबांध	28
	उप–योग (1)	2	4	155
2.	जशपुर	1 बगीचा	1 बसाडीह	34
			2 बांसटोली	43
		2 कुनकुरी	1 वरडांड	44
			2 सराईटोली	14
	डप–योग (2)	2	4	135
3.	कांकेर	1 चारामा	1 गोलकुम्हड़ा	29
			2 खैरखेडा	33
		2 नरहरपुर	1 भैसमुडी	27
			2 मरादेव	25
	उप–योग (3)	2	4	114
4.	रायपुर	1 गरियाबंद	1 भेजराडीह	49
			2 बम्हनी	18
		2 छुरा	1 धरमपुर	44
			2 दीवना	29
	उप–योग (4)	2	4	140
	महायोग	8	16	544

1.4 अध्ययन का महत्व

अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक का अध्ययन अनुसूचित जनजातियों के समग्र विकास के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है यह एक अभिनव प्रयास है जिसके द्वारा हम केवल अनुसूचित जनजातियों के मानव विकास संकेतक को प्रभावित करने वाले कारको तथा वस्तु स्थिति का अध्ययन कर इनमें वास्तविक विकास लक्ष्यों तक इनकी पहुँच या दूरी के विषय में तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जनजातियों का सामाजिक–आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन जल, जंगल और जमीन पर निर्भर है। इनकी अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि है। जनजातीय कृषि सामान्यतया मानसूनी वर्षा पर आधारित होती है जिसके फलस्वरूप उत्पादन की प्रकृति अनिश्चित होती है। कृषि जोतों का लघु आकार, भूमि की उत्पादकता में कमी के बावजूद अनुसूचित जनजातियों में उन्नत बीज, खाद, कीटनाशकों तथा आधुनिक कृषि उपकरणों की मांग बढ़ी है। कृषि उपजों का उचित मूल्य मिलने लगा है। जनजातियाँ अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लाने प्रयासरत है इससे उनके ऋण आवश्यकता में भी इजाफा हुआ है। वे उत्पादक ऋण के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अनाज आदि अनुत्पादक प्रयोजनों के लिये भी ऋण ले रहे है।

अनुसूचित जनजातियों में ऋण प्राप्ति के स्रोत एवं सीमा में बहुत बदलाव आया है। पूर्व में अनुसूचित जनजातियों के ऋण का प्रमुख स्रोत साहूकार हुआ करता था। आज जनजातीय क्षेत्रों में राष्ट्रीयकृत बैंक, वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक तथा सहकारी साख समितियों का विस्तार हुआ है। जनजातियों को इन वित्तीय संस्थाओं से, जो अब उनकी पहुंच की परिधि में स्थापित है सहजता से ऋण उपलब्ध हो सकता है। यह जानना आवश्यक है, कि बैंकों तथा सहकारी समितियों जैसे वित्तीय संस्थानों की अनुसूचित जनजातियों को ऋण उपलब्ध कराने में कितनी भागीदारी है।

आदिवासी विकास का लक्ष्य जनजातियों के समग्र सामाजिक–अर्थिक विकास के अतिरिक्त उन्हें शोषण से मुक्त करना भी है। पूर्व में अनुसूचित जनजातियों को ऋण उपलब्ध कराने में साहूकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परन्तु अनेक स्थानों पर साहूकारी प्रथा जनजातियों के शोषण का प्रमुख माध्यम सिद्ध हुई है। साहूकारों, बैंकों तथा अन्य ऋण स्रोतों का अनुसूचित जनजातियों को ऋण उपलब्ध कराने में सहभागिता के स्पष्ट रूप से आंकलत करने यह अध्ययन महत्वपूर्ण हैं।

भारत सरकार तथा राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जनजातियों की आर्थिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा वित्त एवं ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने ट्राइफेड राष्ट्रीय जाति एवं जनजाति वित्त निगम तथा अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम की स्थापना की गई है।

उपर्युक्त स्थितियों में अनुसूचित जनजातियों के लिये ऋण की उपलब्धता विषय पर अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

1.5 अध्ययन अवधि

वर्ष 2007–08 की अवधि में अनुसूचित जनजातियों को ऋण की उपलब्धता का अध्ययन किया गया है।

1.6 अध्ययन विधि

प्रस्तुत अध्ययन में छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजातियों के लिये मानव विकास संकेतक विषयक अध्ययन किया गया है। उद्देश्य मूलक निर्दशन पद्धति से जिला–विकासखंण्ड तथा ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों के शत प्रतिशत जनजाति परिवारों का जनगणना पद्धति से सर्वेक्षण किया गया है। तथ्यों के संकलन हेतु स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त सर्वेक्षण कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हें अध्ययन के लिये आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया । तत्पश्चात संयुक्त संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के निर्देशन में सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न किया गया।

सर्वेक्षण हेतु निम्नांकित अनुसूचियों के माध्यम से तथ्य संकलित किये गये हैं।

1. ग्राम अनुसूचीः–

   ग्राम अनुसूची के माध्यम से ग्राम की जनसंख्या, जनजाति जनसंख्या, उपलब्ध अधे संरचना तथा वित्तीय संस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

2. परिवार अनुसूचीः–

   यह अनुसूची सर्वेक्षण की प्रमुख अनुसूची है। इसके माध्यम से परिवार के सामाजिक आर्थिक स्थिति तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र की गई है।

1.7 सर्वेक्षण दल

आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में अनुसंधान कर्मियों की कमी तथा सर्वेक्षण कार्य की व्यापकता को ध्यान में रखते हुये सर्वेक्षण कार्य के लिये स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त छात्रों का चयन कर उन्हें अस्थायी रूप से मानदेय पर नियुक्त किया गया तथा पूर्व उप–संचालक अनुसंधान को मानदेय पर समन्वयक नियुक्त कर संयुक्त संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के निर्देशन में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया। मानदेय पर निम्न व्यक्तियों की सेवाएं ली गई।

1. एस. एन. श्रीवास्तव (समन्वयक) पूर्व उपसंचालक अनुसंधान – एम. काम., एम. ए.
2. कु. सरिता खलखो (सर्वेक्षण कार्यकर्ता)–एम. ए., एम. फिल.
3. संतोष यादव (सर्वेक्षण कार्यकर्ता)– एम. ए.
4. यदुनंदन साहू (सर्वेक्षण कार्यकर्ता)– एम. ए.

अध्याय – 2
जनजातीय परिचय

2.1 1 नवम्बर 2000 को भारत के 26 वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य मध्यप्रदेश राज्य से विभाजित होकर अस्तित्व में आया, छत्तीसगढ़ के सात जिलों को 16 जिलों में बांटा गया। नये जिलों के आधार पर भी आंकड़े मिलने में कठिनाई हुई है विशेषकर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आंकड़े मिलने में विशेष कठिनाई हुई है।

छत्तीसगढ़ बने इतना कम समय हुआ है कि इससे सम्बन्धित आंकड़े मिलने में कठिनाई हुई।

छत्तीसगढ़ राज्य का नामकरण राज्य में गोंड् राजाओं द्वारा राज्य में दक्षिण से उत्तर क्षेत्र तक निर्मित 36गढ़ (किला) के कारण हुआ है मूलतः यह राज्य एक आदिवासी राज्य रहा है समय समय पर यहाँ मराठों, मुगलों, अंग्रेजों आदि शासकों का शासन रहा है। तथापि जनजाति समुदाय वन प्रान्तरों में स्वच्छन्द जीवन यापन करते रहा है।

2.2 छत्तीसगढ़ राज्य की अनुसूचित जनजातियों का आर्थिक जीवन के आधार पर वर्गीकरण

छत्तीसगढ़ की जनजातियों का परम्परागत जीविकोपार्जन का साधन कृषि, मजदूरी वनोपज संग्रहण शिकार तथा वन आधारित कुटीर उद्योग हैं । इनके आर्थिक जीवन को निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है ।

खाद्य संग्राहक व शिकारी जनजातियां

इस समूह की जनजातियां मुख्यतः कंदमूल फल, बीज जंगली भांजी का संग्रह करते हैं तथा खरगोश , हिरण, गोह, लोमडी आदि का शिकार करते हैं । इस वर्ग में बिरहोर तथा पहाडी कोरवा आते हैं।

आदिमकृषि शिकारी तथा वनोपज संग्राहक जनजातियां

इस समूह की जनजातियां जंगल में पेड़ों को काटकर व जलाकर उस भूमि पर कृषि करते हैं, इस समूह में बैगा, अबुझमाड़िया, कमार आदि जनजातियां आती हैं; वर्तमान में बेवा कृषि पर शासन द्वारा प्रतिबंध होने के कारण स्थाई कृषि करने लगे हैं ।

कृषक जनजातियां

इस समूह की जनजातियां वनोपज संग्रहण के साथ स्थायी कृषि करते हैं । इस वर्ग में गोंड, उरांव, कंवर, भतरा, बिंझवार, सवरा आदि आते हैं ।

उन्नत कृषि जनजातियां

इस वर्ग में वे जनजातियां हैं जो पूर्व में जागीरदार, मालगुजार, आदि थे ; इस समूह की जनजातियों में तंवर, राजगोंड, गोंड, हल्बा आते हैं ।

शिल्पकार जनजातियां

इस वर्ग की जनजातियाँ बांस से टोकरी, सूपा, झउहा आदि बनाते है, इस समूह में कमार, कंडरा, बैगा, सौंता, माझी, दोरला आदि आते है। शिकारी पारधी जनजाति के लोग झाड़ू, चटाई, टोकरी आदि बनाते है।

कला कौशल में संलग्न जनजातियाँ

गोंड की उपजाति परधान, किन्नरी बजाकर लोकगीत गाकर तथा ओझा गोंड डहकी बजाकर जनजातियों के घर भिक्षा मांगते हैं । खैरवार जनजाति महिलाएं खैर वृक्ष से कत्था बनाती हैं ।

2.3 भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण

छत्तीसगढ के जनजातियों का भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विभक्त किया जा सकता है –

अ. उत्तरीय आदिवासी क्षेत्र

इस क्षेत्र में कोरिया, सरगुजा, जशपुर , रायगढ , कोरबा जिले के जनजातियों को शामिल किया जा सकता है ।

इस क्षेत्र में मुख्यतः उरांव, कंवर, मुण्डा, नगेसिया , कोरवा, गोंड, बैगा, बिरहोर आदि जनजातियां निवास करती है ।

ब. मध्य आदिवासी क्षेत्र

इस क्षेत्र में बिलासपुर, जांजगीर –चांपा, कोरबा, महासमुंद, रायपुर , धमतरी , दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम (कवर्धा) जिले के जनजातियो को शामिल किया जा सकता है । इस क्षेत्र में मुख्यतः गोंड, हल्बा, कमार, भूंजिया, बैगा, सवरा , बिंझवार आदि जनजातियां निवास करती है ।

स. दक्षिण आदिवासी क्षेत्र

इस क्षेत्र में दन्तेवाडा, बस्तर और कांकेर जिले के जनजातियों को शामिल किया जा सकता है । पौराणिक रूप से यह क्षेत्र दण्डकारण्य क्षेत्र कहलाता है । इस क्षेत्र में गोंड, मुरिया, माड़िया , धुरवा, हल्बा, भतरा, परजा, परधान आदि जनजातियां निवास करती है ।

छत्तीसगढ़ राज्य की अनुसूचित जनजाति जनसंख्या निम्नानुसार है–

सारणी 2.1
जनसंख्या का ग्रामीण एवं नगरीय स्वरूप
वर्ष 2001 की जनगणनानुसार

क्रमांक	विवरण	जनसंख्या					
		पुरूष		महिला		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1	ग्रामीण	3106086	94.49	3158749	94.88	6264835	94.68
2	नगरीय	181248	5.51	170513	5.12	3517611	5.32
	कुल	3287334	100.00	3329262	100.00	6616596	100.00
	प्रतिशत	49.68	.	50.32	.	100.00	.

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार छत्तीसगढ राज्य की कुल जनजाति जनसंख्या 6616596 है इसमें से 3287334 (49.68 प्रतिशत) पुरूष तथा 3329262 (50.32 प्रतिशत) महिला है । अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का 94.68 प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 5.32 प्रतिशत भाग नगरीय क्षेत्रों में निवासरत है ।

सारणी 2.2
जिलावार जनजाति ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या
जनगणना 2001

क्रमांक	जिला	जनजाति जनसंख्या					
		ग्रामीण		नगरीय		कुल	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1	कोरिया	235268	94.49	24772	9.53	260040	3.93
2	सरगुजा	1053644	97.86	23025	2.14	1076669	16.27
3	जशपुर	457264	97.30	12689	2.70	469953	7.10
4	रायगढ	428450	95.70	19253	4.30	447703	6.77
5	कोरबा	369070	87.90	50819	12.10	419889	6.35
6	जांजगीर चांपा	146270	95.56	6799	4.44	153069	2.31
7	बिलासपुर	366097	92.19	31007	7.81	397104	6.00
8	कवर्धा	119160	97.71	2797	2.29	121957	1.84
9	महासमुंद	224579	96.60	7906	3.40	232485	3.51
10	रायपुर	327238	89.59	38035	10.41	365273	5.52
11	दुर्ग	284766	81.64	64035	18.36	348801	5.27
12	राजनांदगांव	326051	95.42	15637	4.58	341688	5.17
13	कांकेर	357831	98.03	7200	1.97	365031	5.52
14	बस्तर	842516	97.23	23972	2.77	866488	13.10
15	दन्तेवाडा	550066	97.37	14865	2.63	564931	8.54
16	घमतरी	176565	95.18	8950	4.82	185515	2.80
	छ.ग.	6264835	94.68	351761	5.32	6616596	100.00

सारणी 2.2.1
कुल जनसंख्या से जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत

क्रमांक	जिला	अ. ज. जा. जनसंख्या प्रतिशत
1	2	3
1	सरगुजा	16.27
2	बस्तर	13.09
3	दन्तेवाड़ा	8.54
4	जशपुर	7.10
5	रायगढ़	6.77
6	कोरबा	6.35
7	बिलासपुर	6.00
8	कांकेर	5.53
9	रायपुर	5.52
10	दुर्ग	5.27
11	राजनांदगांव	5.16
12	कोरिया	3.93
13	महासमुंद	3.51
14	धमतरी	2.80
15	जांजगीर – चांपा	2.31
16	कवर्धा	1.84

सारणी 2.2.2
नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत

क्रमांक	जिला	अ. ज. जा. जनसंख्या प्रतिशत
1	2	3
1	दुर्ग	18.36
2	कोरबा	12.10
3	रायपुर	10.41
4	कोरिया	9.53
5	बिलासपुर	7.81
6	घमतरी	4.82
7	राजनांदगांव	4.58
8	जांजगीर –चांपा	4.44
9	रायगढ	4.30
10	महासमुंद	3.40
11	बस्तर	2.77
12	जशपुर	2.70
13	दन्तेवाडा	2.63
14	कवर्धा	2.29
15	सरगुजा	2.14
16	कांकेर	1.97
	औसत	5.32

सारणी 2.3
जनजातिवार जनसंख्या, जनगणना 2001

क्रमांक	जनजाति	जनसंख्या	कुल जनजाति जनसंख्या से प्रतिशत
1	गोंड	3659384	55.31
2	कंवर	760298	11.49
3	उरांव	645950	9.76
4	हल्बा	326671	4.94
5	भतरा	185514	2.80
6	सवरा	104718	1.58
7	कोरवा	102035	1.54
8	बिंझवार	100692	1.52
9	भुईहर, भूमिया	88981	1.34
10	नगेसिया	84846	1.28
11	बैगा	69993	1.06
12	माझी	60246	0.91
13	खैरवार	58701	0.89
14	अगरिया	54574	0.82
15	मझवार	48510	0.73
16	धनवार	42172	0.64
17	खरिया	41901	0.63
18	भैना	46452	0.70
19	कमार	23113	0.35
20	कोल	16966	0.26
21	पाव	13071	0.20
22	मुंडा	12383	0.19
23	पारधी, बहेलिया	10757	0.17
24	परधान	10421	0.16
25	कोंध, खोंड	10114	0.15
26	भुंजिया	9357	0.14
27	गदवा, गदाबा	6317	0.10
28	बियार, बीयर	4403	0.07
29	साओता, सौंता	2959	0.04
30	बिरहुल, बिरहोर	1744	0.03
31	परजा	1588	0.02
32	अन्य जनजातियां	11765	0.17
	योग	6616596	100.00

लिंग अनुपातः—

वर्ष 2001 की जनणनानुसार छत्तीसगढ राज्य की अनुसूचित जनजाति जनसंख्या में लिंगानुपात 1013 है तथा शिशु लिंग अनुपात (0—6 आयु समूह) 998 है।

जिलावार जनजाति जनसंख्या में लिंग अनुपात निम्न सारणी में पदर्शित है —

सारणी 2.4
जनजाति जनसंख्या में जिलावार लिंग अनुपात

क्रमांक	जिला	लिंग अनुपात
1	2	3
1	राजनांदगांव	1051
2	दन्तेवाड़ा	1035
3	महासमुंद	1035
4	जांजगीर चांपा	1029
5	दुर्ग	1027
6	धमतरी	1022
7	बस्तर	1020
8	कांकेर	1019
9	जशपुर	1016
10	कवर्धा	1015
11	रायपुर	1014
12	रायगढ़	1012
13	बिलासपुर	1006
14	कोरबा	996
15	सरगुजा	987
16	कोरिया	971
	कुल	1013

सर्वेक्षित परिवारों में लिंग अनुपात –

सर्वेक्षित जनजाति परिवारों में लिंग अनुपात 931 पाया गया इसका जिलेवार विवरण निम्नानुसार है–

सारणी 2.5
सर्वेक्षित परिवारों में लिंग अनुपात

क्रमांक	थ्जला	सर्वेक्षित परिवारों में लिंग अनुपात
1	2	3
1	रायपुर	1000
2	जशपुर	990
3	सरगुजा	876
4	कांकेर	866

जनसंख्या वृद्धिदर

वर्ष 1991–2001 में छत्तीसगढ राज्य की जनसंख्या वृद्धिदर 18.27 प्रतिशत थी। इस अवधि में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वृद्धिदर 13.59 पायी गई । जिलावार अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वृद्धि दर (1991–2001) निम्नानुसार है –

सारणी 2.6
छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर

क्रमांक	जिला	जनजाति जनसंख्या वृद्धि दर (1991–2001)		
		1991	2001	वृद्धिदर (प्रतिशत)
1	सरगुजा	897217	1076669	16.67
2	बस्तर	742799	866488	14.27
3	दन्तेवाड़ा	490505	564931	13.17
4	जशपुर	429892	469953	9.41
5	रायगढ़	392385	447703	14.09

6	कोरबा	356222	419889	17.87
7	बिलासपुर	347216	397104	14.37
8	रायपुर	331554	365273	10.17
9	कांकेर	296584	365031	23.08
10	दुर्ग	298059	348801	17.02
11	कोरिया	220360	260040	13.54
12	राजनांदगांव	293071	341688	13.66
13	धमतरी	160175	185515	12.85
14	जांजगीर–चांपा	135641	153069	14.76
15	कवर्धा	103946	121957	4.38
16	महासमुंद	222298	232485	4.38

सारणी 2.7

जिलों में ग्रामीण नगरीय जनसंख्या अनुपात
1981 तथा 1991

जिला (म.प्र.)	1981		1991	
	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी
बस्तर	93.94	6.06	92.87	7.13
रायगढ़	91.61	8.39	90.41	9.59
सरगुजा	91.31	8.69	87.96	12.04
राजनांदगांव	87.64	12.36	84.25	15.75
बिलासपुर	86.16	13.84	82.92	17.08
रायपुर	82.81	17.19	80.25	19.75
दुर्ग	68.20	31.80	64.63	35.37
म.प्र.	79.71	20.29	76.79	23.21

अध्याय – 3
सर्वेक्षित जनजाति परिवार एवं जनसंख्या

छत्तीसगढ राज्य के सरगुजा, जशपुर, कांकेर तथा रायपुर जिले के सर्वेक्षित 16 जनजाति ग्रामों की जनजाति जनसंख्या निम्नानुसार हैं –

सारणी 3.1
सर्वेक्षित ग्रामों की जनजाति जनसंख्या

कमांक	जिला	ग्राम	परिवारों की संख्या	जनजाति जन संख्या		
				पुरूष	महिला	कुल
1	सरगुजा	बकालो	32	91	96	167
		मानिक प्रकाशपुर	57	152	131	283
		देवरी	38	105	98	203
		नयाबांध	28	71	62	135
	योग (1)		150	412	367	786
	प्रतिशत			53.30	46.69	100.00
2.	जशपुर	बसाडीह	34	78	78	156
		बांसटोली	43	163	147	310
		बरडांड	44	112	125	244
		सरईटोली	14	30	36	66
	योग (2)		135	390	386	776
	प्रतिशत			50.26	49.74	100.00
3.	कांकेर	गोल कुम्हडा	29	60	54	114
		खैरखेडा	33	89	78	167
		भैंसामुडी	27	74	62	136
		मरादेव	25	67	57	124
	योग (3)		114	290	251	541
	प्रतिशत			53.60	46.40	100.00
4.	रायपुर	भेजराडीह	49	91	82	173
		बम्हनी	18	40	42	82
		धरमपुर	44	92	92	184
		दीवना	29	58	65	123
	योग (4)		140	281	281	562
	प्रतिशत			50.00	50.00	100.00
	महायोग		544	1380	1285	2665
	प्रतिशत			51.78	48.22	100.00

सर्वेक्षित 544 जनजाति परिवारों की कुल जनसंख्या 2665 है , इसमें से 1380 पुरूष (51.78 प्रतिशत) तथा 1285 महिला (48.22 प्रतिशत) है ।

रायपुर जिले में पुरूष तथा महिला जनसंख्या बराबर अनुपात में है व शेष जिलों में पुरूष जनसंख्या का आधिक्य है ।

कांकेर जिला में 53.60 प्रतिशत, सरगुजा 53.30 प्रतिशत, तथा जशपुर जिला में 50.26 प्रतिशत पुरूष जनसंख्या पायी गई ।

परिवार का आकार

परिवार के आकार का परिवार की सामाजिक –आर्थिक स्थिति पर प्रभाव होता है। परिवार के आकार से परिवार का स्वास्थ्य, परिवार की कार्यशील तथा अकार्यशील जनसंख्या का अनुमान लगाया जा सकता है । सर्वेक्षित 544 जनजाति परिवारों में परिवार का औसत आकार 4.89 सदस्य पाया गया । जशपुर जिले में परिवार की औसत सदस्य संख्या 5.74, सरगुजा जिले में 5.24, कांकेर 4.74 तथा रायपुर जिले में 4.01 सदस्य प्रति परिवार पाया गया ।

जनजातिवार परिवार की औसत आकार निम्नानुसार पाया गया :–

सारणी 3.2
परिवार का औसत आकार

क्रं.	जनजाति	परिवार की औसत आकार
1.	गोंड	4.48
2.	उरांव	5.61
3.	कमार	4.31
4.	मुण्डा	4.58
5.	कोरवा	4.03
6.	कंवर	2.33
7.	भुंजिया	2.00
8.	हल्बा	7.00

सारणी 3.3
सर्वेक्षित परिवारों की जनजातिवार जनसंख्या

क्रमांक	जनजाति	परिवारों की संख्या	जनसंख्या			
			पुरूष	महिला	कुल	प्रतिशत
1	उरांव	226	653	617	1270	47.66
2	गोंड	172	408	363	771	28.93
3	कमार	79	169	172	341	52.80
4	मुण्डा	34	79	77	156	5.85
5	कोरवा	27	62	47	109	4.09
6	कंवर	03	3	4	7	0.26
7	भुंजिया	02	3	1	4	0.15
8	हल्बा	01	3	4	7	0.26
	योग	544	1380	1285	2665	100.00
	प्रतिशत		51.78	48.22	100.00	

सर्वेक्षित जनजाति परिवारों का जिलावार विवरण निम्न सारणी में प्रदर्शित है –

सारणी 3.4
जिलावार जनजाति परिवारों की संख्या

कमांक	जनजाति	परिवारों की जिलावार संख्या					
		सरगुजा	जशपुर	कांकेर	रायपुर	कुल	प्रतिशत
1.	उरांव	125	101	–	–	226	41.8
2.	गोंड	03	–	114	55	172	31.62
3.	कमार	–	–	–	79	79	14.52
4.	मुण्डा	–	34	–	–	34	6.25
5.	कोरवा	27	–	–	–	27	4.96
6.	कंवर	–	–	–	3	03	0.55
7.	भुंजिया	–	–	–	2	02	0.37
8.	हल्बा	–	–	–	1	01	0.18
	योग	155	135	114	140	544	100.00

सर्वेक्षित परिवारों में 41.55 प्रतिशत उरांव, 31.62 प्रतिशत गोंड, 14.52 प्रतिशत कमार, 6.25 प्रतिशत मुण्डा, 4.96 प्रतिशत कोरवा तथा शेष 1.10 प्रतिशत कंवर, भुजिया तथा हल्बा जनजाति के लोग सम्मिलित है ।

आयुवर्ग अनुसार जनजाति जनसंख्या

सर्वेक्षित जनजाति परिवारों में जिलावार आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या का विवरण निम्नानुसार हैं –

सारणी 3.5
आयु वर्ग एवं जनसंख्या

क्रं	आयुवर्ग	जनजाति जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	0–5	159	11.52	127	9	286	10.76
2	6–14	281	20.37	257	20.00	538	20.19
3.	15–21	208	15.07	206	16.03	414	15.54
4	22–35	341	24.71	308	23.97	649	24.35
5	36–50	252	18.26	247	19.22	499	18.72
6	51–60	98	7.10	95	7.39	193	7.24
7	60 से अधिक	41	2.97	45	3.50	86	3.83
	योग	1380	100.00	1285	100.00	2665	100.00

6 वर्ष से कम आयुवर्ग की जनसंख्या 10.73 प्रतिशत है। शाला जाने योग्य आयु वर्ग, 6–14 वर्ष आयुवर्ग में 20.19 प्रतिशत व्यक्ति हैं ।

नवयुवक आयुवर्ग, 15–21 वर्ष आयुवर्ग में 15.54 प्रतिशत व्यक्ति, युवा वर्ग, 22 से 35 वर्ष में 24.35 प्रतिशत, अधेड़ आयुवर्ग, 36–50 वर्ष में 18.72 प्रतिशत, 51 से 60 वर्ष आयुवर्ग में 7.24 प्रतिशत तथा 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में 3.83 प्रतिशत व्यक्ति हैं ।

सरगुजा, जशपुर, कांकेर तथा रायपुर जिले के सर्वेक्षित जनजाति परिवारों का आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या वितरण निम्नानुसार है –

सारणी 3.6

सरगुजा जिले के सर्वेक्षित परिवारों की आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या

कमांक	आयुवर्ग	जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	0–5	55	13.13	32	8.72	87	11.07
2	6–14	110	26.25	104	2834	214	27.23
3	15–21	64	15.27	46	12.53	110	13.99
4	22–35	89	21.24	88	23.98	177	22.52
5	36–50	66	15.75	68	18.53	134	17.05
6	51–60	25	5.97	22	5.99	47	5.98
7	60 से अधिक	10	2.39	07	1.91	17	2.16
	योग	419	100.00	367	100.00	786	100.00

सारणी 3.7
जिला जशपुर – आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या

क्रमांक	आयुवर्ग	जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	0–5	35	8.97	44	11.39	79	10.18
2	6–14	63	16.16	55	14.25	118	15.21
3	15–21	54	13.85	61	15.80	115	14.82
4	22–35	95	24.36	90	23.32	185	23.84
5	36–50	83	21.20	73	18.92	156	20.11
6	51–60	42	10.77	40	10.36	82	10.56
7	60 से अधिक	18	4.61	23	5.96	41	5.28
	योग	390	100.00	386	100.00	776	100.00

सारणी 3.8
जिला कांकेर – आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या

क्रमांक	आयुवर्ग	जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	0–5	28	9.66	15	5.97	43	7.95
2	6–14	42	14.48	36	14.34	78	14.42
3	15–21	50	17.24	52	20.72	102	18.85
4	22–35	78	26.90	63	25.10	141	26.06
5	36–50	64	22.07	58	23.11	122	22.55
6	51–60	21	7.24	20	7.97	41	7.58
7	60 से अधिक	7	2.41	7	2.79	14	2.59
	योग	290	100.00	251	100.00	541	100.00

सारणी 3.9
जिला रायपुर – आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या

क्रमांक	आयुवर्ग	जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	0–5 वर्ष	41	14.59	36	12.81	77	13.70
2	6–14	66	23.49	62	22.06	128	22.78
3	15–21	40	12.23	47	16.73	87	15.48
4	22–35	79	28.11	67	23.84	146	25.98
5	36–50	39	13.88	48	17.08	87	15.48
6	51–60	10	3.56	13	4.63	23	4.09
7	60 से अधिक	6	2.14	8	2.85	14	2.49
	योग	281	100.00	281	100.00	562	100.00

सरगुजा, जशपुर, कांकेर और रायपुर जिले में सर्वेक्षित जनजाति परिवारों का आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है।

सारणी 3.10
जिलों में आयुवर्ग अनुसार जनसंख्या का विवरण

क्रं.	जिला	आयुवर्ग (जनसंख्या प्रतिशत में)			
		0–5	6–14	22–35	60 से अधिक
1	सरगुजा	11.07	27.23	22.52	2.16
2	जशपुर	10.18	15.21	23.84	5.28
3	कांकेर	7.95	14.42	26.06	2.59
4	रायपुर	13.70	22.78	25.98	2.49

जनजातियों की वैवाहिक आयु

स्त्री–पुरूष की विवाह आयु उसके दाम्पत्य जीवन तथा शैक्षणिक व्यवहार को तथा कार्यशीलता को प्रभावित करती है । बाल विवाह समाज में कुप्रथा के रूप में अब भी कुछ अंशों में प्रचलित है । अतः बाल विवाह को अवैध करार करते हुए। शासन द्वारा स्त्री–पुरूष की न्यूनतम विवाह आयु कमशः 18 वर्ष तथा 21 वर्ष निर्धारित की गई है ।

सारणी 3.11

सर्वेक्षित जनजाति परिवारों के सदस्यों की वैवाहिक आयु

क्रं.	आयु वर्ग	जनसंख्या					
		पुरूष	प्रतिशत	महिला	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	13 वर्ष से कम	1	0.16	20	2.88	21	1.57
2	13 वर्ष	4	0.62	44	6.33	48	3.60
3	14 वर्ष	12	1.88	74	10.65	85	6.37
4	15 वर्ष	18	2.81	77	11.08	95	7.12
5	16 वर्ष	30	4.69	126	18.13	156	11.70
6	17 वर्ष	46	7.19	100	14.39	146	10.94
7	18 वर्ष	88	13.75	107	15.40	195	14.62
8	19 वर्ष	61	9.53	55	7.91	116	8.70
9	20 वर्ष	125	19.53	39	5.61	164	12.29
10	21 वर्ष	69	10.78	14	2.01	83	6.22
11	21 वर्ष से अधिक	186	29.06	39	5.61	225	16.87
	योग	640	100.00	695	100.00	1334	100.00

